# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

**26.12.2025** **15:00 बजे**

## राष्ट्रपति – बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली में वीर बाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए। इस वर्ष 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 20 बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि ये पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को प्रोत्साहित करेंगे और देश भर के बच्चों को प्रेरित करेंगे। पुरस्कार विजेता बच्चों ने वीरता, कला और संस्कृति, पर्यावरण, नवाचार और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन हर साल श्री गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत की याद में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि उनका अद्वितीय बलिदान पीढ़ियों को प्रेरित करता रहा है।

## प्रधानमंत्री – वीर बाल दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश आज साहिबजादों के अनुकरणीय साहस और बलिदान को याद कर रहा है, जो देश का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार साल में वीर बाल दिवस ने साहिबजादों की प्रेरणाओं और बलिदानों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाया है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस पर राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादे भारत की अदम्य साहस और वीरता के सर्वोच्च आदर्शों की मिसाल हैं। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के 20 विजेताओं से बातचीत की।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज बिलासपुर में आयोजित एंटी चिट्टा वॉकथॉन का नेतृत्व किया। इस अवसर पर उन्होंने वॉकथॉन में मौजूद स्कूली विद्यार्थियों सहित सैंकड़ों लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टे के खिलाफ आज पूरा हिमाचल एकजुट होकर खड़ा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का हर युवा इस लड़ाई में डटकर भागीदारी निभा रहा है और हिमाचल जीतेगा–चिट्टा हारेगा का नारा आने वाले बदलाव की आहट है। इस अवसर पर नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शिवराज–विकसित भारत जी–राम–जी

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य किए जाएंगे। डीडी न्यूज से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए वैधानिक मजदूरी रोजगार गारंटी एक सौ दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आवेदन के 15 दिन के भीतर काम न मिलने पर अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा।

## कुलदीप राठौर

केंद्र सरकार द्वारा न्यूजीलैंड से मुक्त व्यापार समझौते, एफटीए के तहत सेब पर 50 फीसदी आयात शुल्क कम कर इसे 25 प्रतिशत करने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने रोष जताया है। उन्होंने केंद्र सरकार से सेब पर आयात शुल्क कम न करने को मांग की हैं। कुलदीप राठौर ने प्रदेश के भाजपा नेताओं और सांसदों को केंद्र सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाने को कहा है।

---